प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.03.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को दिया भारत रत्न, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की प्रगति में उनके योगदान को मिली मान्यता।

2. लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ से किया एनडीए के चुनावी अभियान का शुभारम्भ, कहा भारत को भरोसे के साथ देख रही है पूरी दुनिया।

3. दिल्ली में इंडी गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में झारखंड से शामिल हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और कल्पना सोरेन कहा– झारखंड झुकेगा नहीं।

4. नौंवी, दसवीं और बारहवीं कक्षा में प्रोन्नत विद्यार्थियों के नए सत्र के लिए कल से चलेंगी कक्षाएं, शिक्षा विभाग ने जारी किया निर्देश।

5. राज्य के कई जिलों में अगले एक से तीन घंटे में वज्रपात, आंधी और बारिश का मौसम विभाग ने जताया पूर्वानुमान, गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया एडवायजरी।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया। वयोवृद्ध नेता श्री आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रंपति वैंकेया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवारजन उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्टि में कहा है कि श्री आडवाणी को भारत रत्न से सम्मा्नित किए जाने को देखना बहुत विशेष अवसर था। उन्होंने कहा कि श्री आडवाणी को यह सम्मान प्रदान करना, देश की प्रगति में उनके योगदान को मान्यता प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक सेवा के प्रति श्री आडवाणी का समर्पण और आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी महत्वनपूर्ण भूमिका ने इतिहास में अमिट छाप छोडी है।

****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में चुनावी अभियान की शुरुआत की। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत का समय आ गया है, भारत चल पड़ा है। भारत में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहे हैं। आज भारत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। पुरी दुनिया भारत को भरोसे के साथ देख रही है। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर में नौजवानों के लिए अनगिनत नए अवसर बन रहे हैं। आज देश की नारी शक्ति नए संकल्पों के साथ आगे आ रही है।

****************

देवघर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर के निर्देश पर जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कल पेटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन जलसार पार्क में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिलावासियों के साथ–साथ 18 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र–छात्राओं व युवा मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं आयोजित पेंटिंग और फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा।

****************

पलामू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से शहरी क्षेत्रों में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गांधी उद्यान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्र वोटिंग के मामले में पिछड़ जाता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। शहरी क्षेत्र के लोगों में प्रत्याशियों और पार्टियों के प्रति समझ ज्यादा होती है, ऐसे में शहरी लोगों को भी इस महापर्व में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

****************

विपक्षी गठबंधन इंडी की ओर से आज दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाओ महारैली में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन शामिल हुए। कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखण्ड झुकेगा नहीं। इस रैली में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस समेत गठबंधन के कई नेता शामिल हुए।

****************

नौवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा में प्रोन्नत हुए विद्यार्थियों के लिए कल से कक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी डीईओ और डीएसई को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि एक अप्रैल से कक्षाएं नियमित कराना सुनिश्चित करें।

****************

चतरा जिला मुख्यालय के गांव कोशिलवा से सदर थाना पुलिस ने आज 10 प्लास्टिक बोरे में बंद 126 कोलोग्राम अवैध डोडा के साथ 4 किलो ग्राम अफ़ीम बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर डी एस पी मुख्यालय रोहित रजवार के नेतृत्व में की गई सशस्त्र कार्रवाई में 2 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

****************

गिरिडीह जिले की खुखरा थाना पुलिस ने आज देशी मिनी शराब कारखाना पर छापा मारकर भारी मात्रा में फिनायल की गोली और जावा महुआ जब्त किया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि सोबरनपुर गांव के राजू पंडित के घर छापेमारी कर करीब 600 किलो ग्राम जावा महुआ, 270 लीटर देशी महुवा शराब जब्त किया है। पुलिस ने देशी महुवा शराब भट्ठी को विनष्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि फिनायल की गोली शराब बनाने में इस्तेमाल होता था। उन्होंने बताया कि यह मिनी फैक्ट्री थी जो देसी शराब बनाने का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ़्तारी के लिए प्रयास जारी है।

****************

झारखंड के कई जिलों के लिए मौसम विभाग ने तात्कालिक अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ धंटों में वज्रपात, आंधी और बारिश के आसार हैं। पलामू, गढ़वा, गुमला, खूंटी, लातेहार और

लोहरदगा जिलों में यह असर देखने को मिलेगा। पिछले 24 घुंटे में राज्य में जमशेदपुर का सबसे उच्चतम तापमान 39 दशमलव 6 सेंटीग्रेट दर्ज किया गया है वहीं सबसे न्यूनतम तापमान लोहरदगा जिले का 18 दशमलव 1 सेंटीग्रेट दर्ज किया गया है। इधर गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवायजरी जारी कर दी गई है। सभी सरकारी अस्पतालों में ओआरएस और जीवन रक्षक दवाओं के पर्याप्त स्टॉक रखने का आदेश जारी किया है।

****************

- पलामू पुलिस ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।
- हजारीबाग पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से हाइवा और चोरी में प्रयुक्त कार जब्त किया गया है।
- जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना पुलिस ने मोबाइल छिनतई के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।
- लिंक रेक के विलंब से आने की वजह से टाटानगर – जम्मूतवी एक्सप्रेस वाया मुरी के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है, यह ट्रेन आज रात के दस बज कर पांच मिनट पर टाटा नगर स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

******समाप्त***********